web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, बुधवार 19 दिसम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-80

# छग के 16 हजार 65 लाख किसानों को 6100 करोड़ रूपए का कर्ज होगा माफ

## 2500 रूपए प्रति क्विंटल पर होगी धान की खरीदी, झीरम मामलें की जांच के लिए एसआईटी का होगा गठन

रायपुर (आरएनएस)। छग के तीसरे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते के तत्काल बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पहली केबिनेट की बैठक लेकर तीन बड़े फैसले लिये है। फैसले के तहत प्रदेश के 16 हजार 65 लाख किसानों का 6100 करोड़ रूपए का कर्ज माफ करने का फैसला लिया गया है वहीं 2500 रूपए प्रति क्विंटल पर धान की खरीदी तथा झीरम मामलें की जांच के लिए एसआईटी का गठन करने का निर्णय लिया गया है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार रात पत्रकार वार्ता में बताया कि सहकारी बैंकों में 16.65 लाख के किसानों के 6100 करोड़ से ज्यादा की ऋण माफी होगी वहीं अन्य मदों में बैंकों से लिये ऋण का भी परीक्षण किया जायेगा, उसे भी माफ किया जायेगा। साथ ही किसानों का समर्थन मूल्य भी अब 2500 रुपये प्रति क्विंटल मिलेगा। अभी 1750 रुपये किसानों को समर्थन मिला करता था, अब किसानों को प्रोत्साहन राशि मिलाकर 2500 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब धान की खरीदी की जायेगी।

उन्होंने यह भी बताया कि झीरम घाटी मामले की जांच के लिए एसआईटी के गठन का आदेश दे दिया गया है। एसआईटी अब इस पूरे मामले की जांच करेगी।

भूपेश बघेल ने अपने प्रेस कांफ्रेंस की शुरुआत में अपनी बदली हुई भूमिका का जिक्र किया और कहा कि कल तक हमारी भूमिका अलग थी, मैं पीसीसी अध्यक्ष था, टीएस सिंहदेव नेता प्रतिपक्ष थे, हमलोग सरकार के कामों को अलग नजरिये से देखते थे, लेकिन अब हमारी भूमिका बदल गयी है। उन्होंने कहा कि मीडिया हाउस के मालिकों के साथ क्या हुआ, उसे मैं नहीं जानता, लेकिन पत्रकारों के साथ प्रताड़ना ना हो, इसका मैं पूरा विश्वास दिलाता हूं। मीडिया समाज को आइना दिखाने का काम करता है, पत्रकार जो समस्या उठायेंगे, उस पर काम होगा। नक्सली समस्या एवं शराब बंदी सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह गंभीर मुद्दे है इन पर चर्चा की जायेगी। इस विषय पर तत्काल निर्णय नहीं लिया जा सकता।

## हमने 6 घंटे में किया किसानों का कर्ज माफ: राहुल

### मोदी सरकार ने 4 साल में नहीं किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज करते हुए कहा कि उन्होंने साढ़े चार साल के दौरान किसानों का कर्ज माफ नहीं किया है जबकि उनकी पार्टी ने तीन राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सरकार गठित होने के 6 घंटे के भीतर ही कर्ज माफ करके दिखाया है। राहुल ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मोदी सरकार ने सिर्फ चुनिंदा उद्योगपतियों का साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है जबकि किसान का एक रुपये का कर्ज भी माफ नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी किसानों का नहीं, सिर्फ चुनिंदा उद्योगपतियों का हित करते रहे हैं। इसलिए उन्होंने अनिल अम्बानी के 45,000 करोड़ रुपया तो माफ कर दिया, लेकिन किसानों पर ध्यान नहीं दिया।



## महत्वपूर्ण एवं खास

### सरकार बदलते ही पुलिस के बदले सुर, कांग्रेसियों के खिलाफ दर्ज प्रकरणों की मांगी जानकारी

बिलासपुर (आरएनएस)। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होते ही पुलिस अफसरों के सुर बदल गए हैं। यही वजह है कि पुलिस मुख्यालय ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से कांग्रेसियों के खिलाफदर्ज आपराधिक प्रकरणों की जानकारी मांगी है। भाजपा सरकार के रहते कांग्रेस नेताओं के खिलाफ पुलिस ने दर्जनों आपराधिक प्रकरण दर्ज किए। प्रदेश में पिछले 15 साल से सत्ता भाजपा के हाथ में रही है। इस दौरान कांग्रेसियों ने कई तरह के आंदोलन किए। इसे दबाने के लिए पुलिस ने आपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए। सैकड़ों कांग्रेसियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार भी किया गया। यह सिलसिला लगातार चलता रहा। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सत्ता हासिल हो गई है और अब प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बन गए हैं। अब पुलिस मुख्यालय में बैठे अफसरों का कांग्रेस प्रेम शुरू हो गया है। यही वजह है कि सभी जिलों से कांग्रेसियों के खिलाफदर्ज आपराधिक प्रकरणों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### फैक्ट्री में आग लगने से 11 की मौत

झेंगझोऊ (आरएनएस)। चीन के हेनान प्रांत में सोमवार को एक फैक्ट्री में लगी आग के कारण 11 लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय प्रशासन ने इस बात की जानकारी दी। शांगकियू शहर की एक फैक्ट्री में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11 बजे आग लग गयी जिस पर दोपहर बाद तक काबू पा लिया गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि फैक्ट्री के तीन कर्मचारियों ने नियमों का उल्लंघन किया जिसके कारण आग लगी। तीनों को हिरासत में ले लिया गया है।

### अमेरिकी हमले में अल-शबाब के 62 आतंकवादी मरे

मॉस्को (आरएनएस)। अमेरिकी सेना ने शनिवार और रविवार को सोमालिया में हवाई हमले किए जिसमें अल-शबाब के 62 आतंकवादी मारे गए। अमेरिकी सेना की अफ्रीकी कमान ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस बात की जानकारी दी। वक्तव्य के मुताबिक 15 दिसंबर को किए गए हवाई हमले में 34 आतंकवादी मारे गए जबकि 16 दिसंबर को किए गए हमले में 28 आतंकवादी मारे गए। अमेरिकी सेना ने कहा कि सभी छह हवाई हमले की जानकारी सोमालिया की सरकार को पहले से ही दी गयी थी। सरकार के सहयोग से ही इन हमलों को अंजाम दिया गया। यह हवाई हमले अल-शबाब के ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए थे। इन हवाई हमलों में नागरिकों को किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

### साउथ की मशहूर एक्ट्रेस अश्वथी ड्रग्स के साथ हुई गिरफ्तार

कोच्चि (आरएनएस)। अश्वथी बाबू मलयालम टीवी और फिल्मों का जाना-माना नाम है। अश्वथी तिरुवनंतपुरम से हैं और उन्होंने कई फिल्मों व धारावाहिकों में अभिनय किया है। अश्वथी को कोच्चि (केरल) में उनके ड्राइवर सहित गिरफ्तार किए जाने की जानकारी मिली है। अश्वथी पर ड्रग्स रखने के आरोप है, जिसकी वजह से उन्हें गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी की पुष्टी त्रिक्करा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कर दी है।

### कामगार अस्पताल में आग, 6 की मौत, 50 घायल

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के ईएसआईसी कामगार अस्पताल में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई है। वहीं सोमवार शाम हुए इस हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। मौके पर अग्निशमन दल पहुंच गया है और बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। ग्राउंड फ्लोर से भड़की आग तेजी से ऊपर तक फैल गई। आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है।

# 1984 सिख दंगों में कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्रकैद

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली हाई कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगा मामले में निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को दोषी पाया है। दंगा भड़काने और साजिश रचने के आरोपी सज्जन को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। हाई कोर्ट ने हालांकि सज्जन को हत्या के आरोप से बरी कर दिया।



सज्जन को 31 दिसंबर 2018 को सरेंडर करना है। उन्हें शहर न छोड़ने का निर्देश दिया है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब कांग्रेस पार्टी तीन राज्यों में सरकार बनाने जा रही है। ऐसे में उसे सियासी हमले भी झेलने पड़ सकते हैं। देश ने भयावह नरसंहार देखा, जब सिख, मुस्लिम और हिंदुओं सहित कई लाख नागरिकों की हत्या कर दी गई थी। फैसले में कहा गया है कि 37 साल बाद देश ने फिर से एक बड़ी मानव त्रासदी को देखा। 31 अक्टूबर 1984 की सुबह दो सिख अंगरक्षकों द्वारा भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद एक सांप्रदायिक उन्माद भड़क उठा। जस्टिस एस मुरलीधर और जस्टिस विनोद गोयल की बेंच ने यह फैसला सुनाया। सज्जन कुमार के अलावा कैप्टन भागमल, गिरधारी लाल और पूर्व कांग्रेस पार्षद बलवान खोखर को भी उम्रकैद की सजा हुई है। वहीं, किशन खोखर और पूर्व विधायक महेंद्र यादव को 10 साल जेल की सजा हुई है।

गौरतलब है कि पूरे 37 साल के बाद कोर्ट ने सज्जन कुमार को सजा हुई है, जबकि इससे पहले उन्हें बरी कर दिया गया था। दरअसल, सीबीआई ने 1 नवंबर, 1984 को दिल्ली कैंट के राज नगर इलाके में पांच सिखों की हत्या के मामले में कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को बरी किए जाने के निचली अदालत के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने पूछा था कि स्टेट मशीनरी क्या कर रही थी? घटना दिल्ली कैंटोनमेंट के ठीक सामने हुई थी। हाईकोर्ट ने फैसले में कहा है कि सज्जन कुमार ताउम्र जेल में रहेंगे। कोर्ट ने उन्हें सरेंडर करने के लिए 31 दिसंबर तक का समय दिया है। यानी सज्जन को 31 दिसंबर से पहले कोर्ट में सरेंडर करना होगा। वहीं इस मामले में हाईकोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व पार्षद बलवान खोखर, सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी भागमल और तीन अन्य को दोषी बरकरार रखा है।

## अब चिदंबरम की गिरफ्तारी पर 11 जनवरी तक रोक

### एयरसेल-मैक्सिस मामला

नयी दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली के एक कोर्ट ने एयरसेल-मैक्सिस मामले में कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति चिदंबरम की गिरफ्तारी पर रोक की अवधि मंगलवार को 11 जनवरी तक बढ़ा दी। स्पेशल जज ओ. पी. सैनी ने चिदंबरम और कार्ति को मिली इस राहत को सीबीआई एवं ईडी के यह कहने के बाद बढ़ाया कि कुछ नयी सामग्री मिली है जिनका मिलान किया जाना है। साथ ही कोर्ट ने सीबीआई को भी मामले के कुछ आरोपियों पर मुकदमा चलाने की अनुमति पाने के लिए 11 जनवरी तक का समय दिया। सीबीआई ने 26 नवंबर को कोर्ट को बताया था कि केंद्र ने पी. चिदंबरम के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। यह मामला एयरसेल-मैक्सिस सौदे में विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी) की अनुमति में हुई कथित अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है।



## शपथ लेते ही वचन पत्र पर किया कमलनाथ ने अमल

### किसानों की कर्जमाफी के फाइल पर किए दस्तखत

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के रुप में कमान संभालने के बाद कमलनाथ ने कर्जमाफी, कन्या विवाह अनुदान एवं गौशाला आदि के लिए सरकार के खजाने खोल दिये। कांग्रेस के इस वायदे ने तीन राज्यों में सत्ता दिला दी। सोमवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के कुछ घंटे के अंदर ही कमलनाथ ने कर्जमाफी की फाइल पर दस्तखत कर दिए हैं। इस आदेश के साथ ही किसानों को सरकारी और सहकारी बैंकों द्वारा दिया गया 2 लाख रुपए तक का अल्पकालीन फसल ऋण माफ हो जाएगा। गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और अन्य नेताओं ने चुनाव में वादा किया था कि अगर राज्य में उनकी सरकार बनती है तो सिर्फ 10 दिनों में किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा। मध्य प्रदेश सरकार के इस कदम के बाद कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि एक ने किया दो बाकी।



इसी क्रम में सोमवार को मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने पहले काम के रूप में कर्जमाफी की फाइल पर दस्तखत कर दिए। इसके साथ ही कन्या विवाह योजना के तहत दी जाने वाली राशि को बढ़ाकर 51 हजार कर दिया है। राज्य में चार गारमेंट पार्क बनाने को भी मंजूरी दी गई है। इससे पहले भोपाल के जम्बूरी मैदान में आयोजित शपथग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी समेत विपक्ष के तमाम बड़े नेता मौजूद थे। इसी दौरान मंच पर पहुंचे कमलनाथ सबसे एक-एक कर मिले।

## स्कूल की दीवार गिरने से 2 बच्चों की मौत

### सीएम योगी ने दिए जांच के आदेश

नोएडा (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के नोएडा में सोमवार सुबह एक स्कूल की दीवार गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई। नोएडा के सेक्टर 49 में स्थित प्ले स्कूल न्यू के.एम. पब्लिक स्कूल में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक वहां दीवार गिर गई। इस हादसे के दौरान वहां मौजूद कुछ छात्र उसकी चपेट में आ गए, जिसमें दो छात्रों की मौत हो गई और 2 घायल हो गए।



मिली जानकारी के मुताबिक, स्कूल में निर्माण कार्य चल रहा था और पीछे से मिट्टी भरने का काम चल रहा था। इस बीच ये हादसा हो गया। बच्चों के माता-पिता ने बताया है कि जब यह हादसा हुआ तो बच्चों की परीक्षा शुरू हुई थी और स्कूल स्टाफ कॉपी जांच रहा था, लेकिन जैसे ही ये हादसा हुआ तो सब वहां से भाग खड़े हुए। बताया जा रहा है कि स्कूल एक किराए की बिल्डिंग में चलाया जा रहा था। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी तुरंत दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए। इस दौरान डीएम बीएन सिंह, एसएसपी डॉ. अजयपाल शर्मा, एसपी सिटी सुधा सिंह, एसडीएम निरंजन कुमार, एनडीआरएफ की टीम समेत तमात प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद दिखे। एसएसपी ने बताया कि अस्पताल में भर्ती चार बच्चों में से 2 की मौत हो गई है। घटना की जांच चल रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

#### मुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश

वहीं राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे के कारणों की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने जीबी नगर के जिल मजिस्ट्रेट को बचाव व राहत कार्यों की निगरानी करने और घायलों को पर्याप्त चिकित्सा सहायता प्रदान करने के आदेश भी दिए हैं।

## राफेल पर कांग्रेस ने दागे मोदी सरकार पर सवाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस पार्टी के लिए श्राफेलश् अब केवल एक लड़ाकू हवाई जहाज नहीं रहा, बल्कि 2019 के लिए पार्टी इसे अपना प्रमुख सारथी मानकर आगे बढ़ रही है। कांग्रेस राफेल को यूं ही नहीं उड़ने देगी। सोमवार को एक बार फिर दोनों पार्टियां राफेल को लेकर आमने-सामने आ गईं। भाजपा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को आधार बनाकर भाजपा पर न केवल हमला बोला बल्कि पार्टी ने मोदी सरकार की प्रेसवार्ताओं को झूठ करार देते हुए केंद्र में रखकर 70 जगहों पर प्रेसवार्ता कर दी। मोदी सरकार के मंत्रियों और पार्टी पदाधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाया कि वह राफेल पर झूठ बोल रही है। दूसरी ओर, कांग्रेस पार्टी ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को फैक्ट्रीश् करार दे दिया और उस पर 11 सवाल भी दाग दिए। कांग्रेस पार्टी के नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि हम शुरु से ही कह रहे हैं कि मोदी सरकार राफेल के मामले में फंस चुकी है। अब वह राफेल को लेकर झूठ पर झूठ बोले जा रही है। मोदी सरकार ने खुद को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष गलत तथ्य पेश कर दिए। पीएसी की कहीं कोई बैठक ही नहीं हुई, लेकिन कोर्ट के फैसले में लिखा है कि मामला पीएसी की टेबल से होकर गुजरा है।



### तृणमूल नेता की पीट-पीट कर हत्या

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में तृणमूल कांग्रेस के एक जिला स्तर के नेता की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि मधुरपुर के शेख मुख्तार की रविवार को पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। उसके परिवार की शिकायत के आधार पर 45 वर्षीय शेख अख्तर अली खान को गिरफ्तार किया गया है।

# सबके सामने भतीजे ज्योतिरादित्य से गले मिली वसुंधरा

### सोशल मीडिया पर मची धूम

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, गहलोत और उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से बहुत गर्मजोशी से मिले। शपथ ग्रहण में शिरकत करने पहुंची वसुंधरा ने नारंगी रंग की साड़ी पहन रखी थी और उन्होंने मौके पर पहुंचकर नए मुख्यमंत्री को बधाई दी। कांग्रेस अध्यक्ष ने उनके पास जाकर उनसे मुलाकात की। दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से हाथ मिलाया। इस मौके पर वसुंधरा ने राजनीतिक मतभेदों की सीमा को लांघते हुए ज्योतिरादित्य को स्नेहपूर्वक गले से लगा लिया। बुआ-भतीजे के मिलन की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी पसंद की जा रही है। गहलोत, पायलट, ज्योतिरादित्य सिंधिया और कांग्रेस के कई अन्य नेता भी भी पूर्व मुख्यमंत्री से बेहद गर्मजोशी के साथ मिले। शपथ ग्रहण के बाद वसुंधरा ने ट्वीट कर कहा, मैं अशोक गहलोत को राजस्थान के मुख्यमंत्री और सचिन पायलट को उप मुख्यमंत्री बनने की बधाई देती हूं। उनके लिए मेरी शुभकामनाएं हैं। हालिया विधानसभा चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है। वसुंधरा 2003 से 2008 और 2013 से 2018 के दौरान दो बार राजस्थान की मुख्यमंत्री रहीं।

